विशाल मिल्कवीड

विशाल मिल्कवीड एक पौधा है जो सड़कों के किनारे और खुले मैदानों और झाड़ियों वाली जगहों में उगता है। इसका ऐसा नाम इसकी पत्तियों और तने में पाए जाने वाले दूधिया–सफेद रंग के रस के कारण पड़ा है। मिल्कवीड पौधे के आस–पास कई कीट, छोटे जानवर और पक्षी भ्रमण करते रहते हैं।

इस पौधे को कई नामों से जाना जाता है; अंग्रेजी में इसे जायंट मिल्कवीड, कन्नड़ में यक्का गिदा और हिंदी में आक कहा जाता है। आप जहां रहते हैं वहां इस पौधे को किस नाम से जाना जाता है?

यदि इसे अधिक मात्रा में खाया तो इसका सफेद रस आपके और अन्य जीवों के लिए असुरक्षित हो सकता है यदि इसे अधिक मात्रा में खाते हैं तो। यह खुद को उन कीटों और जानवरों से बचाने का एक तरीका है जो इसकी पत्तियों को खाना पसंद करते हैं। इस का रस आपकी त्वचा और आंखों में भी परेशानी पैदा कर सकता है। इस पौधे की पत्तियों या छाल को छूने के बाद हमेशा अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं।

क्या आप ऐसे अन्य तरीकों के बारे में सोच सकते हैं जिनको अपनाकर पौधे लोगों और जानवरों से अपनी रक्षा करते हैं।

पत्तियां

पत्ते नरम, अंडाकार और हल्के हरे-पीले रंग के होते हैं। आपको पत्तियों पर एक धारीदार कैटर पिलर पत्तियों को कुतरते हुए दिख सकता है। यह एक प्लेन टाइगर तितली का कैटर पिलर है। इसका अर्थ है कि ये तितलियाँ इसकी पत्तियों पर अपने अंडे देती हैं। एक बार जब कैटर पिलर अंडे से निकलते हैं तो वे पत्तियों को खाते हैं।

तितली को ध्यान से देखो, तुम कौन-कौन से रंग देखते हो? आपको क्या लगता है कि इसका नाम टाइगर तितली क्यो रखा गया है?

फूल

मिल्कवीड के फूल हल्के बैंगनी रंग के होते हैं। बहुत से लोग सोचते हैं कि इसका फूल एक मुकुट की तरह दिखता है-यही वजह है कि मिल्कवीड के पौधे को क्राउन फ्लावर पौधा भी कहा जाता है।

बड़ी नीली-काली शोर करने वाली बढ़ई मक्खियां, तितलियाँ, भृंग या बीटल, फल मक्खियाँ और ततैया जैसे कुछ ऐसे कीट हैं जो इसके फूल पर आते हैं।

फल और बीज

मिल्कवीड पौधे के फल या बीज की फली के अंदर आपको छोटे, चपटे बीज दिख सकते हैं। प्रत्येक बीज में बालों की तरह दिखने वाली रेशों की एक सफेद पूंछ होती है। कुछ पक्षी अपने घोंसलों को मुलायम और अपन चूजों के लिए आरामदायक बनाने के लिए इन सफेद, रोयेंदार बालों का उपयोग करते हैं। जब बीज की फली खुलती है, तो ये छोटे बीज उगने के लिए हवा में दूर तक उड़ते हैं जहां तक हवा इन्हे ले जाती है।

अगर आपको मिल्कवीड का बीज मिलता है, तो उसे अपनी हथेली पर रखें और धीरे से फूंकें। क्या यह हवा में तैरता है?

तना और छाल

इस पौधे के मजबूत रस से भरे तने, पौधे के आधार के करीब ही फैले हुए होते हैं। टूटे हुए तने या पत्ते को ध्यान से देखें-क्या आपको रस बाहर निकलते हुए दिखता है?

आप चमकीले नीले रंग के मिल्कीवीड भृंग (बीटल), या रंगीन चित्रित टिड्डे को तनों के बीच छिपते हुए देख सकते हैं। चित्तीदार टिड्डा इस पौधे के रस से भरे पत्तों को खाता है जो इसे अन्य जीवों के लिए हानिकारक बनाता है जो इसे खाना चाहते हैं। इसके चटख रंग अन्य जीवों को चेतावनी देते हैं कि यह खाने के लिए सुरक्षित नही है!

आप एफिड्स को भी देख सकते हैं-छोटे सफेद या पीले कीड़े जो पत्तियों और तनों पर रहते हैं। उनके पास, आपको निश्चित रूप से कुछ चींटियाँ दिखाई देंगी। चींटियों और एफिड्स के बीच एक दिलचस्प सबंध होता है-एफिड्स पौधे का रस चूसते हैं और (हनीड्यू) नामक मीठा तरल बाहर निकालते हैं जिसे चींटियां पीना पसंद करती हैं। धन्यवाद कहने के लिए, चींटियाँ एफिड्स को अन्य कीटों से बचाती हैं जो उन्हें खाना पसंद करते हैं।

एक मिल्कवीड के पौधे को पास से देखें-आपको छोटे और बड़े कई अन्य जीव भी दिखाई देंगे! एक सूची तैयार करें या आपके द्वारा देखे जाने वाले आगंतुकों का रेखा चित्र बनायें।

पोस्टर का हिंदी रूपांतरण: पर्यावरण शिक्षण केंद्र (सी.ई.ई.)

यह कार्य नेचर क्लासरूम्स CC BY-SA 4.0 के तहत् लाईसेन्सड है।